# महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

विज्ञप्ति सं. –111

क्रमांकःएफ( )/परीक्षा/मदसविवि/2024/ 37297 दिनांकः 12-12-24

विश्वविद्यालय की **मुख्य परीक्षा 2025** के परीक्षा आवेदन पत्र **(नियमित, पूर्व छात्र एवं स्वयंपाठी अभ्यर्थियों हेतु)** बेवसाइट **www.mdsuexam.org तथा www.mdsuexam.net** पर ऑनलाइन प्रक्रिया से निम्नलिखित तालिका के अनुसार भरे जा सकेंगे। अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे निर्धारित समय सीमा में अपने परीक्षा आवेदन पत्र भरना सुनिश्चित करें। **आवेदन भरने हेतु अभ्यर्थी अपने घर पर रहते हुए उक्त वेबसाइट पर जाकर ऑन लाईन आवेदन कर सकते है तथा परीक्षा शुल्क का भुगतान डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड व नेटबैंकिग के माध्यम से घर पर रह कर ही किया जा सकता है। आवेदन पत्र ई–मित्र कियोस्क के माध्यम से भरे जाने की भी व्यवस्था है**

| कक्षा | बिना विलम्ब शुल्क | विलम्ब शुल्क रू. 100/– सहित | परीक्षा शुल्क के बराबर विलम्ब शुल्क सहित |
|---|---|---|---|
| **नियमित, पूर्व छात्र एवं स्वयंपाठी छात्र**<br>1. स्नातकोत्तर परीक्षाएँ (पूर्वार्द्ध एवं उत्तरार्द्ध)<br>यथा–<br>एम.ए., एम.कॉम एवं डिप्लोमा, सर्टिफिकेट कोर्स<br>2. स्नातक परीक्षाएँ (तृतीय वर्ष)<br>यथा–<br>बी.ए./बी.कॉम.<br><br>**नियमित एवं पूर्व छात्र**<br>1. बी.एस.सी. (भाग तृतीय)<br><br>**पूर्व छात्र एवं स्वयंपाठी छात्र**<br>1. स्नातक परीक्षाएँ (द्वितीय वर्ष)<br>यथा–<br>बी.ए./बी.कॉम.<br><br>**पूर्व छात्र**<br>1. बी.एससी. पार्ट–द्वितीय<br><br>**UG Second Year (Annual Scheme) Ex Students**<br>B.A.(Hons) / B.Com(Hons) / B.Sc(Hons.) / B.Sc.(Home.Sci), B.Sc. I.T, B.Sc. Nat. Yogic Science, BCA<br><br>**UG Third Year (Annual Scheme) Regular & Ex. Students**<br>B.A.(Hons) / B.Com(Hons) / B.Sc(Hons.) / B.Sc.(Home.Sci), B.Sc. I.T, B.Sc. Nat. Yogic Science, BCA<br><br>BA Additional (only for Non Collegiate) | 12.12.2024<br>से<br>23.12.2024 | 24–12–2024<br>से<br>30.12.2024 | 31.12.2024<br>से<br>08.01.2025 |

NewsforSpecialTeacher.in

| | | | |
|---|---|---|---|
| उपरोक्त वर्णित सभी परीक्षाओं के प्रिन्टेड आवेदन पत्र (हार्ड कॉपी–दो प्रतियों में) संबंधित महाविद्यालय/केन्द्र/विभाग में जमा कराने की अंतिम तिथि | 26.12.2024 | 31.12.2024 | 09.01.2025 |
| उपरोक्त वर्णित सभी परीक्षाओं के आवेदन पत्र की विश्वविद्यालय प्रति मय सभी संलग्नकों के जॉच पश्चात् महाविद्यालयों द्वारा विश्वविद्यालय में जमा कराने की अंतिम तिथि | 03.01.2025 | | 10.01.2025 |

**उपरोक्त वर्णित कक्षाओं के अतिरिक्त अन्य कक्षाओं के आवेदन पत्र भरने हेतु सूचना वैबसाईट पर उपलब्ध रहेगी।**

परीक्षा आवेदन पत्र भरने हेतु निर्देश, परीक्षा फीस का विवरण उपरोक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे परीक्षा हेतु **आवेदन करने के लिये अन्तिम तिथि की प्रतीक्षा न करें अपितु यथा शीघ्र आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया को पूर्ण करें।** निर्धारित अवधि के पूर्व तथा पश्चात् फीस स्वीकार नहीं की जावेगी। **नियमित एवं पूर्व छात्र सम्बन्धित महाविद्यालय में तथा स्वयंपाठी छात्र सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र पर वांछित दस्तावेज यथा परीक्षा आवेदन पत्र, नामांकन एवं पात्रता पत्र की हार्ड कॉपी मय अर्हता परीक्षा की अंकतालिकाएं आवश्यक रूप से जमा करावें।**

**अभ्यर्थी द्वारा जिस महाविद्यालय से आवेदन पत्र अग्रेषित करवाया गया है, यह आवश्यक नहीं है कि विश्वविद्यालय द्वारा उसी अनुसार परीक्षा केन्द्र आवंटित किया जाये। विश्वविद्यालय द्वारा व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत इसमें परिवर्तन किया जा सकता है। परीक्षा केन्द्र आवंटन का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित होगा।**

**नोट–**

1. परीक्षा सत्र 2024–25 हेतु विज्ञान संकाय के बी.एस.सी. तृतीय में स्वयंपाठी अभ्यर्थी परीक्षा आवेदन नहीं कर सकेंगे।
2. (अ) राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर (RBSE) से उत्तीर्ण विद्यार्थी, जो नामांकन आवेदन पत्र सहित परीक्षा फॉर्म जमा करवा रहे हैं। **वे अर्हकारी (qualifying) परीक्षा की मूल अंकतालिका अथवा स्व प्रमाणित छायां प्रति को जनरल गाईड लाईन्स दिनांक 12-12-24 में वर्णित निर्देशों के अनुसार जमा करावें।**

   (ब) RBSE के अलावा अन्य बोर्ड यथा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) आदि से उत्तीर्ण विद्यार्थी अपनी मूल अंकतालिका (Original marksheet) के साथ मूल माइग्रेशन प्रमाण–पत्र भी संलग्न करें।

   (स) अन्य सभी अभ्यर्थी जो कि महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर में वर्तमान में नामांकित (Enrolled) हैं यथा स्नातक द्वितीय वर्ष, तृतीय वर्ष, स्नातकोत्तर आदि, वे अर्हकारी (Qualifying) परीक्षा/परीक्षाओं की अंकतालिका की स्व प्रमाणित छाया प्रति (फोटो स्टेट) संलग्न करें।

   (द) नियमित अभ्यर्थी उक्त दस्तावेज नामांकन आवेदन पत्र (Enrollment Form) के साथ संलग्न करें तथा पूर्व छात्र (Ex) एवं स्वयंपाठी (Non-Collegiate) अभ्यर्थी उक्त दस्तावेज परीक्षा आवेदन पत्र (Exam Form) के साथ संलग्न करें।

NewsforSpecialTeacher.in

3. ऐसे समस्त अभ्यर्थी (पूर्व एवं स्वयंपाठी) जो परीक्षा 2024 में स्नातक परीक्षा के द्वितीय वर्ष में प्रविष्ट हुए थे, उनको परीक्षा वर्ष 2025 के द्वितीय वर्ष के पाठ्यक्रमानुसार अन्य अनिवार्य विषयों के साथ पर्यावरण विज्ञान की अनिवार्य विषय की परीक्षा में प्रविष्ठ होना होगा।
4. जो छात्र परीक्षा वर्ष 2025 में स्नातक पार्ट द्वितीय/तृतीय में प्रविष्ट हो रहे हैं उनका जो अनिवार्य विषय बकाया है उनकी भी परीक्षा देनी होगी।
5. स्नातक कला में वैकल्पिक विषय के रूप में तीन साहित्य विषय तथा तीन प्रायोगिक विषय चयन करने की अनुमति नहीं है।
6. स्वयंपाठी परीक्षार्थियों को निम्नलिखित विषयों में परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जावेगी–
   लाइव स्टॉक एवं डेयरिंग, टैक्सटाइल डाइंग एण्ड प्रिन्टिग, ड्राइग एण्ड पेन्टिग, फिजिकल एजुकेशन, कम्प्यूटर एप्लीकेशन एवं मनोविज्ञान।
7. स्वयंपाठी पुरूष परीक्षार्थियों को गृह विज्ञान वैकल्पिक विषय के रूप में चयन करने की अनुमति नहीं दी जावेगी।
8. स्नातक कला वर्ग के स्वयंपाठी छात्र प्रायोगिक विषय का चयन करने पर आवेदन भरते समय उसी महाविद्यालय का चयन करें जहॉं यह विषय नियमित छात्रों हेतु उपलब्ध हो।
9. उपर्युक्त तालिका में वर्णित परीक्षाओं के अतिरिक्त परीक्षाओं के परीक्षा आवेदन पत्र ऑन लाइन आरम्भ होने की तिथि शीघ्र घोषित की जावेगी। इसकी सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.mdsuexam.org तथा www.mdsuexam.net** पर उपलब्ध कराई जावेगी।
10. विस्तृत जानकारी के लिए वैबसाईट पर उपलब्ध आवेदन–पत्र भरने संबंधी निर्देश तथा स्नातकोत्तर हेतु दिशा निर्देश का अवलोकन करें।
11. परीक्षा सत्र 2024–25 हेतु कला/वाणिज्य/विज्ञान संकाय में नियमित विद्यार्थी अपना महाविद्यालय परिवर्तन नहीं करा सकते हैं।

12. अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि परीक्षा सम्बन्धी जानकारी के लिए वैबसाईट **mdsuexam.org** तथा **mdsuexam.net** का निरन्तर अवलोकन करें तथा इसके अतिरिक्त कार्यालय समय में प्रातः 09.00 से सायं 6.00 के बीच हैल्प लाइन नम्बर **9460713224** एवं **9587616952** एवं ई–मेल आईडी **helpdesk@mdsuexam.org** पर भी सम्पर्क किया जा सकता है:–

(हस्ताक्षर)
**परीक्षा नियंत्रक**

**क्रमांकःएफ( )/परीक्षा/मदसविवि/2024/** 37298–708 **दिनांकः** 12-12-24

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित है–

1. समस्त विभागाध्यक्ष, महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय एवं समस्त प्राचार्य– सम्बद्ध महाविद्यालय, को प्रेषित कर लेख है कि:–
   1. जिन परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरकर महाविद्यालय में जमा करवाये गये हैं, उनके परीक्षा फार्म मय संलग्नकों के वर्णानुक्रम (Alphabetical order) में कक्षावार/महाविद्यालयवार सूची तैयार करके उक्त तालिका में वर्णित तिथि अनुसार विश्वविद्यालय के लेखा एवं वित्त शाखा के रोकड़ प्राप्ति शाखा में व्यक्तिगत रूप से जमा करावें। इस हेतु उन्हें नियमानुसार यात्रा भत्ता देय होगा। उपरोक्त निर्धारित तिथियों के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों के लिए कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
   2. उपरोक्त वर्णित तिथियों को यदि महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय में परीक्षा आवेदन पत्र वर्णानुक्रम (Alphabetical order) में कक्षावार करके जमा नहीं करवाया जाता हैं, तो उनके महाविद्यालय से प्राप्त परीक्षा आवेदन पत्रों की परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित नहीं की जा सकेगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी।
   3. **विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक भाग–प्रथम तथा स्नातकोत्तर (पूर्वार्द्ध) कक्षाओं हेतु आवंटित सीटों के अनुसार ही नियमित छात्रों से फार्म भरवाये गये हैं, इस आशय का शपथ पत्र सम्बन्धित प्राचार्यो द्वारा परीक्षा फार्म के साथ अनिवार्य रूप से देय होगा।**
   4. **आवेदन पत्रों के साथ Detail of Registered Students तीन प्रतियों में, Fee Report दो प्रतियों में तथा परीक्षावार Nominal Roll दो प्रतियों में विश्वविद्यालय के कैश काउन्टर पर प्रस्तुत करें।**
   5. छात्र द्वारा आवेदन करने में त्रुटि हो जाने के बाद तथा शुल्क भी जमा करवा देने के पश्चात् छपे हुए आवेदन पत्र में सम्बंधित महाविद्यालय/केन्द्र को संशोधन करने हेतु अधिकृत किया जाता है। महाविद्यालय/केन्द्र छात्र के दस्तावेजों को देखकर व पूर्णतः संतुष्ट होने पर संशोधन पर हस्ताक्षर व मोहर लगाकर संशोधित आवेदन पत्र (एक्जाम फॉर्म की हार्ड कॉपी) मय छात्र के प्रार्थना पत्र के विश्वविद्यालय को अग्रेषित करेंगे। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय/केन्द्र के पैनल पर संशोधन करने की सुविधा रहेगी अतः महाविद्यालय/केन्द्र को ऑनलाइन संशोधन भी करना आवश्यक होगा।

NewsforSpecialTeacher.in

2. ए.सी.पी, ऑनलाईन केन्द्र, मदसविवि, अजमेर को भेजकर लेख है कि विज्ञप्ति को परीक्षा [illegible] की वेबसाईट पर प्रसारित कराने की व्यवस्था करें।
3. वित्त नियंत्रक, मदसविवि, अजमेर।
4. सहायक कुलसचिव (वित्त एवं लेखा) को प्रेषित कर लेख है कि आवश्यक कार्यवाही करने के पश्चात् आवेदन पत्र अधिकतम तीन दिवस के भीतर संबंधित परीक्षा शाखा को प्रेषित करने की व्यवस्था करावें।
5. समस्त उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव/अनुभागाधिकारी/प्रोग्रामर, मदसविवि, अजमेर।
6. निजी सचिव–कुलपति/निजी सहायक कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक, मदसविवि, अजमेर।
7. सहायक, रोकड़ शाखा, मदस विश्वविद्यालय, अजमेर।
8. सहायक कुलसचिव (सा.प्र.) मदसविवि, अजमेर को भेजकर लेख है इस विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा करवाने का श्रम करें।
9. कम्प्यूटर फर्म को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।
10. ई–मित्र कार्यालय, योजना भवन, जयपुर, सी.स्कीम, जयपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

(हस्ताक्षर)
**सहा.कुलसचिव(परीक्षा)**